smc
Moneywise. Be wise.

दैनिक कमोडिटी रिपोर्ट (मेटल एवं एनर्जी) 22 फरवरी 2021

अतंराष्ट्रीय बाजार

COMEX/NYMEX/ICE (कीमती धातुएं एवं एनर्जी)

कमोडिटी	कॉन्ट्रैक्ट	एक्सपायरी	बंद भाव
चांदी	मार्च	29-03-21	27.254
सोना	अप्रैल	28-04-21	1777.4
कच्चा तेल	मार्च	22-02-21	59.24
ब्रेंट कच्चा तेल	अप्रैल	26-02-21	62.91
नेचुरल गैस	मार्च	24-02-21	3.069

करेंसी / कमोडिटी इंडेक्स

करेंसी	वर्तमान भाव
अमेरिकी डॉलर/भारतीय रूपया'	72.55
डॉलर इंडेक्स	90.29
यूरो/अमेरिकी डॉलर	1.21
सीआरबी इंडेक्स	200.49

LME (बेस मेटल्स) (डॉलर/टन)

कमोडिटी		बंद भाव
तांबा	नकद	8806.50
एल्युमिनियम	नकद	2135.00
जिंक	नकद	2864.00
लेड	नकद	2122.00
निकल	नकद	19496.00

SHFE (बेस मेटल्स) (युवॉन/टन)

कमोडिटी	माह	बंद भाव
तांबा	15 मार्च 21	63390.00
एल्युमिनियम	15 मार्च 21	16530.00
जिंक	15 मार्च 21	15485.00
लेड	15 मार्च 21	21510.00

घरेलू बाजार

MCX / ICEX

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
बुलडेक्स	24-02-21	14785.00	साइडवेज	25.08.20	15750.00	-
चांदी	05-03-21	69012.00	तेजी	18.05.20	47698.00	65000.00
सोना	05-04-21	46197.00	साइडवेज	02.02.21	47751.00	-
कच्चा तेल	19-03-21	4304.00	तेजी	24.11.20	3333.00	3820.00
नेचुरल गैस	23-02-21	222.00	साइडवेज	23.12.20	191.90	-

कमोडिटी	एक्सपायरी	बंद भाव	ट्रेंड**	ट्रेंड बदलाव की तिथि	ट्रेंड में बदलाव की दर	क्लोजिंग स्टॉप लॉस
तांबा	26-02-21	692.25	तेजी	12.10.20	525.00	570.00
एल्युमिनियम	26-02-21	170.05	तेजी	10.06.20	138.40	155.00
जिंक	26-02-21	234.35	तेजी	11.05.20	156.60	200.00
लेड	26-02-21	178.00	तेजी	28.07.20	148.05	150.00
निकल	26-02-21	1416.00	तेजी	04.01.21	1269.30	1240.00
मेटलडेक्स	19-02-21	14990.00	तेजी	16.11.20	12939.00	13000.00

**यह इंट्रा-डे कारोबार के लिए नहीं है। रूझानों का विश्लेषण बंद भाव के आधार पर करना चाहिए ।

19.02.2021 को सभी बंद भाव

सर्राफा आउटलुक

सर्राफा की कीमतों में नरमी का रूझान रहने की संभावना है। सोने की कीमतों को 46400 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 45900 रू पर सपोर्ट रह सकता है जबकि चांदी की कीमतों में काफी अधिक उठापटक हो सकती है और कीमतों में 69500 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 68900 रू पर सपोर्ट रह सकता है। पिछले सत्र में सात महीने के निचले स्तर पर पहुंची सोने की कीमतें डॉलर के कमजोर होने से आज बढ़त दर्ज कर रही हैं। लेकिन अमेरिकी ट्रेजरी की अधिक यील्ड के कारण कीमतों में बढ़त सीमित रही है। सोने की हाजिर कीमतें 0.3% बढ़कर 1,787.31 डॉलर प्रति औंस के नजदीक कारोबार कर रही हैं। अमेरिकी सोना वायदा 0.4% की बढ़त के साथ 1,784.20 डॉलर पर कारोबार कर रहा है। बेंचमार्क 10 वर्षीय ट्रेजरी यील्ड कल एक साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई जबकि प्रमुख प्रतिद्वंद्वियों के मुकाबले डॉलर के कमजोर होने से अन्य मुद्राओं के धारकों के लिए सोना सस्ता हो गया। 1.9 ट्रिलियन डॉलर के कोविड-19 राहत बिल के लिए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शुक्रवार को एक कदम आगे बढ़ाया जबकि अमेरिकी प्रतिनिधि सभा समिति ने एक विधेयक का अनावरण किया जिसे डेमोक्रेट सदस्यों को अगले सप्ताह के अंत तक पारित होने की उम्मीद है। फेडरल रिजर्व ने शुक्रवार को कांग्रेस को अपनी अर्ध-वार्षिक मौद्रिक नीति रिपोर्ट में कहा कि कोरोनोवायरस महामारी से अर्थव्यवस्था के उभरने के बावजूद संयुक्त राज्य अमेरिका में चल रही व्यावसायिक विफलताओं का जोखिम बना हुआ है। पिछले सप्ताह जून में भारत में फिजिकल सोने की मांग बढ़ गई थी, क्योंकि पिछले साल जून के बाद से चीन के लूनर नव वर्ष की छुट्टी के सप्ताह के बाद अन्य एशियाई केंद्रों में खरीदारी की उम्मीद है। अमेरिकी कमोडिटी वायदा ट्रेडिंग कमिशन के अनुसार 16 फरवरी को समाप्त हफ्ते में हेज फंड्स और मनी मैनेजर्स ने कोमेक्स में सोने में अपने बुलिश पोजिशन को कम किया है जबकि चांदी के कॉन्ट्रैक्ट्स में बढ़ा दिया है चांदी की कीमतें 1.3% बढ़कर 27.56 डॉलर प्रति औंस हो गई।

बेस मेटल आउटलुक

बेस मेटल की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ कारोबार करने की संभावना हैं। तांबें की कीमतें 688 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 696 के स्तर पर पहुंच सकती है। राष्ट्रपति जो बाइडेन के 1.9 ट्रिलियन डॉलर के कोविड-19 राहत बिल के पोरित होने की संभावना के बीच अनुमान से बेहतर आर्थिक आंकड़ों के कारण आज शंघाई में बेस मेटल की कीमतों में तेजी दर्ज की गई है जबकि एलएमई में भी कीमतों में बढ़ोतरी हुई है। एलएमई के साथ पंजीकृत गोदामों में तांबे का भंडार 2005 के बाद सबसे निचले स्तर 75,700 टन पर पहुंच गया है। रद्द किए गए वारंट-डिलीवरी के लिए निर्धारित धातु-39% है और एलएमई बाजार में कम आपूर्ति की ओर संकेत करता है। जिंक की कीमतें 232 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 236 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। लेड की कीमतें 177 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 180 के स्तर पर पहुंच सकती हैं। अंतर्राष्ट्रीय जिंक एसोसिएशन के अनुसार, 2021 में भारत में जिंक की खपत 14-15% बढ़ सकती है। निकल की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार करने की संभावना है और कीमतों को 1408 के पास समर्थन के साथ 1425 के स्तर पर रेजिस्टेंस रह सकता है। वर्ल्ड ब्यूरो ऑफ मेटल स्टैटिस्टिक्स के आंकड़ों के अनुसार, जनवरी से दिसंबर के दौरान खदानों से उत्पादन 2019 कुल की तुलना में 321 हजार टन या लगभग 12% कम होकर 2273.5 हजार टन रह गया है। एल्युमीनियम की कीमतों में 169 के स्तर पर सपोर्ट के साथ 172 रू तक बढ़ोतरी हो सकती है। यह अनुमान है कि इलेक्ट्रिक वाहन में औसत एल्युमीनियम सामग्री की खपत लगभग 250 किलोग्राम होगी। इसलिए, इलेक्ट्रिक वाहनों के निर्माण और बिक्री में वृद्धि के बाद एल्युमीनियम की मांग आसमान छू जाएगी। स्टील के बजाय एल्युमीनियम का उपयोग, प्रदर्शन, सुरक्षा, ईंधन दक्षता और ईवीएस के स्थायित्व को बढ़ाता है, और कई पर्यावरणीय लाभ भी होता है।

एनर्जी आउटलुक

कच्चे तेल की कीमतों के तेजी के रूझान के साथ साइडवेज कारोबार करने की संभावना हैं और कीमतों को 4400 के स्तर पर रेजिस्टेंस के साथ 4280 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है। अमेरिका में बर्फीले मौसम के बाद तेल उत्पादकों केन्द्रों के बंद होने के बाद कच्चे तेल के उत्पादन में धीमी गति से रिकवरी के कारण आज तेल की कीमतों में बढ़त देखी जा रही है। विश्लेषकों का अनुमान है कि टेक्सास और मैदानी राज्यों में असामान्य रूप से ठंड के मौसम के कारण 21 बिलियन क्यूबिक फीट नेचुरल गैस उत्पादन के साथ-साथ 4 मिलियन बैरल प्रति दिन कच्चे तेल का उत्पादन बंद हो गया था। तेल क्षेत्र के कर्मचारियों को संभवत: डी-आइस वाल्व, सिस्टम को फिर से शुरू करने और तेल और गैस उत्पादन शुरू करने में कई दिन लगेंगे। लंबे समय में, इस वर्ष अमेरिकी शेल तेल कंपनियों के पूंजीगत व्यय में गिरावट के कारण ड्रिलिंग गतिविधि में कमी बनी रह सकती है जिससे तेल उत्पादन महामारी से पहले के स्तर से कम ही रहेगा। नवंबर के बाद पहली बार, अमेरिकी ड्रिलिंग कंपनियों ने टेक्सास, न्यू मैक्सिको और अन्य ऊर्जा उत्पादक केंद्रों के ठंड और बर्फ से ढंकने के कारण संचालित होने वाले तेल रिगों की संख्या में कटौती की है। नेचुरल गैस की कीमतों में तेज उठापटक होने की संभावना है और कीमतों को 224 के स्तर पर रेजिस्टेंस और 218 के स्तर पर सपोर्ट रह सकता है ।

प्रमुख आर्थिक आंकड़ें

भारतीय समयानुसार	आर्थिक आंकड़ें	महत्व	संभावित	पिछला	प्रभावित कमोडिटी	प्रभाव

वंदना भारती एवीपी कमोडिटी रिसर्च फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 625 vandanabharti@smcindiaonline.com

शिवानन्द उपाध्याय रिसर्च एसोसिएट फोन न. 011-30111000 एक्सटें. 646 shivanand@smcindiaonline.com

आप इस रिपोर्ट को हमारी वेबसाइट पर भी देख सकते हैं- www.smctradeonline.com

Moneywise. Be wise.

Corporate Office:
11/6B, Shanti Chamber,
Pusa Road, New Delhi - 110005
Tel: +91-11-30111000
www.smcindiaonline.com

Mumbai Office:
Lotus Corporate Park, A Wing 401 / 402 , 4th Floor ,
Graham Firth Steel Compound, Off Western
Express Highway, Jay Coach Signal, Goreagon
(East) Mumbai - 400063
Tel: 91-22-67341600, Fax: 91-22-67341697

Kolkata Office:
18, Rabindra Sarani, Poddar Court, Gate No-4,
5th Floor, Kolkata-700001
Tel.: 033 6612 7000/033 4058 7000
Fax: 033 6612 7004/033 4058 7004

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड (जिसे एसएमसी कहा जाता है) का नियमन भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड द्वारा किया जाता है और इसे ब्रोकिंग व्यवसाय, डिपॉजिटरी सेवायें और संबंधित सेवायें करने का लाइसेंस प्राप्त है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड, एमएसईआई(मेट्रोपॉलिटन स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड) का रजिस्टर्ड सदस्य है और एम/एस एसएमसी कॉमट्रेड नेशनल कमोडिटी एवं डेरिवेटिव्स एक्सचेंज लिमिटेड और मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज ऑफ इंडिया और भारत के अन्य कमोडिटी एक्सचेंजों का रजिस्टर्ड सदस्य है। इसकी सहयोगी एमसीएक्स स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड की सदस्य हैं। एसएमसी सीडीएसएल(CDSL) और एनएसडीएल(NSDL)के साथ डिपॉजिटरी भागीदार के रूप में भी रजिस्टर्ड है। एसएमसी के अन्य एसोसिएट सेबी और भारतीय रिजर्व बैंक के साथ मर्चेंट बैंकर, पोर्टफोलियो मैनेजर के रूप में रजिस्टर्ड है। यह म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर के रूप में एएमएफआई(AMFI) में भी रजिस्टर्ड है।

एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड सेबी (रिसर्च एनॉलिस्ट)रेगुलेशन 2014 के तहत रिसर्च एनॉलिस्ट के लिए रजिस्ट्रेशन संख्या INH100001849 के साथ रजिस्टर्ड संस्था है। एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज लिमिटेड या इसके सहयोगियों को सेबी द्वारा अन्य किसी रेगुलेटरी एथॉरिटी द्वारा सिक्योरिटीज मार्केट/कमोडिटी मार्केट में कारोबार के लिए प्रतिबंधित/निलंबित नही किया गया है। रिपोर्ट में रिसर्च एनॉलिस्टों द्वारा व्यक्त की गई राय केवल सार्वजनिक रूप से प्राप्त सूचनाओं/इंटरनेट आंकड़ों/अन्य विश्वसनीय स्रोतों, जिन्हे सत्य माना जाना जाता है, पर आधारित है। एसएमसी रिपोर्ट में व्यक्त राय या सामग्री की शुद्धता को लेकर कोई आश्वासन नही देता है और निवेशकों को सलाह दी जाती है कि निवेश के लिए कोई भी निर्णय करने से पहले बाजार की परिस्थितियों/जोखिमों का स्वतंत्र रूप से मूल्यांकन करें। रिसर्च एनॉलिस्ट, जिन्होने इस रिपोर्ट को तैयार किया है, एतद् द्वारा प्रमाणित किया जाता है कि इस रिपोर्ट में विशेष कमोडिटी के संदर्भ में व्यक्त किया गया विचार/राय उनके निजी स्वतंत्र विचार/राय है।

डिसक्लेमर: यह रिसर्च रिपोर्ट अधिकृत प्राप्तकर्ता की व्यक्तिगत सूचना के लिए है और इसका निवेशक के किसी निवेश, विधिक एवं कर संबंधी परामर्श से संबंध नही हैं। यह केवल प्राइवेट सर्कुलेशन एवं उपयोग के लिए है। यह रिपोर्ट विश्वस्त सूचनाओं पर आधारित है लेकिन यह पूरी तरह सही और पूर्ण है, ऐसा जरूरी नही और इस पर पूरी तरह भरोसा नही किया जाना चाहिए। रिपोर्ट के कन्टेन्ट के आधार पर कोई कार्य नही किया जा सकता है। इस रिपोर्ट को एसएमसी से लिखित आज्ञा के बिना किसी भी रूप में नकल एवं किसी भी अन्य व्यक्ति को पुन: वितरण नही किया जाना चाहिए। इस सामग्री का कन्टेन्ट सामान्य है और यह न तो पूरी तरह से व्यापक है और न विस्तृत है। इस रिपोर्ट के आधार पर उठाये गये किसी कदम से होने वाली क्षति या नुकसान के लिए न तो एसएमसी और न इसका कोई संबंधी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी को उत्तरदायी ठहराया जाना चाहिए। यह कोई व्यक्तिगत अनुमोदन नही करता या किसी खास निवेश उद्देश्य, वितीय स्थिति या किसी व्यक्तिगत ग्राहक या कॉरपोरेट या सत्ता की जरूरतों को लेकर नही चलता है। सभी निवेश जोखिमपूर्ण होते है एवं पिछला प्रदर्शन भविष्य के किसी प्रदर्शन की गारन्टी नही देता है। निवेश की वैल्यू और उससे प्राप्त आमदनी एक निश्चित समय में उपलब्ध कुछ बड़े एवं सूक्ष्म कारकों के बदलाव पर निर्भर कर सकती है। निवेश का निर्णय लेते समय किसी भी व्यक्ति को अपने विवेक का इस्तेमाल करना चाहिए।

कृपया ध्यान रखें कि हम या हमारा कोई अधिकारी, सहायक, प्रतिनिधि, डॉयरेक्टर या कर्मचारी, जो भी इस रिपोर्ट को बनाने या भेजने में शामिल है उसकी (अ)समय-समय पर किसी भी कमोडिटीज में, जिनका इस रिपोर्ट में जिक्र किया गया है, खरीद या बिक्री, कोई भी पोजिशन हो सकती है और वह इस कमोडिटीज को खरीद या बिक्री कर सकता है या (ब) साथ ही साथ वह इन कमोडिटीज के किसी भी प्रकार के सौदों में और ब्रोकरेज या अन्य प्रकार के प्रतिकर में अथवा बाजार निर्माण में शामिल हो सकता है, (स) इस रिपोर्ट में दिए गये सुझावों और संबंधित सूचनाओं एवं विचारों के संदर्भ में इनका अपना कोई भी निहित स्वार्थ या विवाद हो सकता है। सभी विवादों का निपटारा अंतिम रूप से दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीन होगा।